16.09.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधी नगर में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और प्रदर्शनी का किया उद्‌घाटन–कहा– शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य के लिए भारत प्रतिबद्ध।

- राज्य में कल से स्वच्छता ही सेवा अभियान की होगी शुरूआत–श्रमदान और सफाई कार्यक्रम किये जायेंगे आयोजित।

- 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल कल से संयुक्त अरब अमीरात और कतर के दौरे पर।

- प्रदेश में मंगलवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का होगा आयोजन– नवचयनित युवाओं को सौंपे जायेंगे नियुक्ति पत्र।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। श्री मोदी ने आज गुजरात के गांधी नगर में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का भी लोकार्पण किया। श्री मोदी ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकासशील देश होने के बावजूद भारत ने पेरिस में निर्धारित जलवायु प्रतिबद्धताओं को तय समय से नौ वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ, भारत का प्रत्येक घर बिजली उत्पादक बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने अयोध्या का उल्लेख करते हुए देश के 17 शहरों को सौर शहर के रूप में विकसित करने की योजना की भी बात की।

.....................................

इस अवसर पर केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 86 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस बीच प्रधानमंत्री ने गांधीनगर के सेक्टर–एक मेट्रो स्टेशन से अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण को झंडी दिखाकर आज रवाना किया। इस दौरान श्री मोदी ने मेट्रो में यात्रा भी की और यात्रियों से संवाद किया।

000

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 कल से शुरू हो रहा है। 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के इस साल का विषय ''स्व्‌भाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता'' रखा गया है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों, पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों और सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई गतिविधियां आयोजित कर आम लोगों को शामिल किया जाएगा। प्रदेश में अभियान की शुरूआत उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड झुन्झुनू जिले से वर्चुअल रूप से करेंगे। जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी तथा स्काउट गाइड सहित विभिन्न संगठन भी अपनी सेवाएं देगे।

000

भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण ऐरोबेटिक टीम की ओर से आज जैसलमेर में हवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीम के सदस्यों ने आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन सूर्य किरण टीम के अखिल भारतीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत रखा गया।

000

..................

प्रदेश में दिसम्बर महीने में होने जा रहे 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल कल से संयुक्त अरब अमीरात और कतर का दौरा करेगा। तीन दिवसीय इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के उद्यमियों को राइजिंग राजस्थान समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान दुबई और दोहा में अन्तर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर्स रोड़ शो आयोजित किये जायेंगे और कई नामी कम्पनियों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रतिनिधि मण्डल द्वारा अबू धाबी नेशनल ऑयल कम्पनी, अबू धाबी तथा कतर की इन्वेंस्टमेंट ऑथिरिटी और दोनों देशों की चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री जैसी संस्थाओं के साथ भी संवाद स्थापित किया जाएगा। गौरतलब है कि जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेंस्टमेंट समिट से पहले इन दिनों राज्य सरकार का प्रतिनिधि मण्डल देश–दुनिया की विभिन्न कम्पनियों तथा उद्यमियों के साथ चर्चा कर रहा है और प्री–इन्वेंस्टमेंट मीट, रोड शो और निवेश डॉयलॉग जैसे कार्यक्रमों के जरिये उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में भी पिछले सप्ताह एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल ने दक्षिण कोरिया और जापान का दौरा किया था।

000

प्रदेश में मंगलवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में हाल ही में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में होगा। इस साल कार्यक्रम का नोडल विभाग चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग को बनाया गया है। जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान नवचयनित कार्मिक मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से वर्चुअल माध्यम से जुडेंगे और संवाद करेंगे। सांचौर, सलूम्बर, झालावाड़ सहित विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जिले के नये कार्मिकों को आमंत्रित किया गया है।

000

पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिवस ईद मिलाद–उन–नबी आज प्रदेशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मिलाद महफिल और सीरत जलसों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें पैगम्बर मोहम्म्द साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में बताया जा रहा है। इस मौके पर मिलाद जुलूस भी निकाले गये। राजधानी जयपुर में दोपहर बाद जुलूस निकाला गया जो घाटगेट से रवाना होकर कर्बला पहुंचा। डीग के कामां में सुबह नमाज अदा कर अलग–अलग स्थानों से जुलूस निकाला गया। जैसलमेर में निकाले गए जुलूस पर विभिन्न संगठनों की ओर से पुष्प वर्षा कर साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की गई। भीलवाडा में लोगों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह बना रहा। चूरू में निकाले गये जुलूस में देशभक्ति नारों के साथ लोगों ने मोहम्मद साहब को याद किया। टोंक में इस अवसर पर धन्ना तलाई चौराहे पर कार्यक्रम रखा गया और महफिल–ए–मिलाद सजाई गई।

000

बालोतरा के जसोल में चल रहे माता राणी भटियांणी के सालाना मेले में आज भाद्रपद मास की त्रयोदशी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के मन्दिर में दर्शन किये। हमारे संवाददाता ने बताया कि एकम् से शुरू हुआ भक्तों के आने का सिलसिला पूर्णिमा तक चलेगा।

....................................

इधर बीकानेर जिले के कोडमदेसर में भैरवनाथ का तीन दिवसीय मेला भी आज से शुरू हुआ। मन्दिर में बीकानेर और आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में आये श्रद्धालुओं ने बाबा भैरवनाथ की मूर्ति के दर्शन किये और मनौतियां मांगी।

000

प्रदेश विभिन्न अंचलों में हुई इस बार अच्छी बारिश से जलाशयों में पानी की भरपूर आवक हुई है। जोधपुर का जसवंत सागर बांध आज छलक गया। 125 साल पुराने इस बांध के सभी 52 खम्भों पर चादर चलने लगी है। टोंक के बीसलपुर बांध से आज भी चार गेटों को खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े जवाई बांध में भी पानी की आवक बनी हुई है। सई बांध और बेडा नदी बांध में पानी की आवक बनी हुई है। जिले का हेमावास बांध आज ओवर फ्लो हो गया। इस बीच मौसम विभाग ने 18 सितम्बर के बाद प्रदेश में बारिश का दौर फिर शुरू होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान में 18–19 सितम्बर को कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान भरतपुर, जयपुर संभाग में कहीं–कहीं मेघगर्जन, आकाशीय बिजली के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। विभाग ने पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहने की उम्मीद जताई है, वहीं शेखावाटी क्षेत्र तथा बीकानेर संभाग के जिलों में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन सुझाव भी दिये जा सकते हैं।

000